दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र





मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 280 मुरादाबाद 06 February 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## जेपी नड्डा ने मुरादाबाद में समाजवादी पार्टी पर बोला हमला, कहा- गुंडा होना सपा में शामिल होने की पहली शर्त



मुरादाबाद-भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मुरादाबाद में समाजवादी पार्टी पर हमलावर हुए। साथ ही इशारों-इशारों में मुरादाबाद को तोहफा भी दे गए। सपा पर हमला बोलते हुए कहा, कुछ लोग फ्री में बिजली देने का दम भर रहे हैं। उनसे पूछा जाना चाहिए कि क्या उन्होंने अपनी सरकार में 24 घंटे बिजली दी। हम सिर्फ विकास के लिए कार्य करते हैं। ये केवल भाजपा के नेता ही बोल सकते हैं कि जो बोला था, वो कर दिखाया। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है, जिन्होंने कार्य संस्कृति विकसित की। उनके नक्शे कदम पर चलते हुए हर नेता विकास के लिए कार्य करता है। चुनाव का मुद्दा भी विकास ही होता है। हम पर लोग हंसते थे, जब हमने जन धन खाते खोलने की बात की, लेकिन हमने उसे कर दिखाया। 40 करोड़ लोगों के खाते खुले। आयुष्मान भारत दुनिया का सबसे बड़ा हेल्थ प्रोग्राम है। आज हर गरीब पांच लाख की स्वास्थ्य योजना से कवर है। आवास योजना में प्रदेश में 40 लाख घर दिए। विपक्षी नेता कहतें कि योजना का प्लान तो हमारा था, पर आपका प्लान तो कुछ और ही था। प्लान था, जमीन पर कब्जे का। उज्जवला योजना पर भी मजाक उड़ाया गया। वह भी उन लोगों ने जो चांदी की चम्मच से खाते हैं, भारत को जानते तक नहीं, वह गांव की महिला के दर्द को क्या समझेंगे, पर आज घर घर गैस के चूल्हे हैं।स्वच्छ भारत अभियान का मजाक उड़ाया गया। कहा कि ये बात तो गांधी जी करते थे, अब प्रधानमंत्री ने लाल किले से स्वच्छता की बात की। पर पहले गांधी जी को छोड़कर बाकी गांधी तो काम के बजाय केवल बात करते हैं, क्योंकि वे असली गांधी हैं ही नहीं। सौभाग्य योजना से हमने घर घर बिजली पहुंचाई। कोरोना संक्रमण काल में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू कर 80 करोड़ की जनता को भोजन उपलब्ध कराया। पहले 15 मेडिकल कालेज थे। योगी जी ने 59 मेडिकल कॉलेज कर दिए। मुरादाबाद में योजना बन सकती है। चुनाव आयोग का बंधन है इसलिए घोषणा नहीं कर सकता, इशारा समझिए। एयरपोर्ट, एक्सप्रेस-वे सब विकास के आधार हैं। हमने वो कर दिखाया। अब लोग कहते हैं कि आप बता देना दो घंटे में पहुंच जाऊंगा। मैं पूछता हूं कि कैसे तो कहते हैं कि एक्सप्रेस-वे पकड़ेंगे और पहुंच जाएंगे। ये एक्सप्रेस-वे नहीं विकास की गंगा है। उत्तर प्रदेश में भी एक्सप्रेस-वे विकास की नई कहानी लिख रहा है। बजाय घोषणा के अनुसार देशभर में 25 हजार किलोमीटर मकान बनेंगे, घर घर पानी पहुंचाया जा रहा है। मुरादाबाद में 22 प्रोजेक्ट पर छह हजार करोड़ खर्च होने वाले हैं।प्रधानमंत्री ने कहा था कि बिजली पहुंचाने के लिए 56 इंच का सीना चाहिए। हमे गर्व है हमने प्रदेश में 24 घंटे बिजली दी, एक महानुभाव कहते कि फ्री बिजली देंगे। अरे आप बिजली तो दे नहीं पाए फ्री का झूठा वादा करते हैं। सपा सरकार आती है तो थाने किसी को, तहसील किसी को, जिला किसी को बस लूट लो। हमारी सरकार ने सभी के विकास लिए कार्य किया। मुजफ्फरनगर के दंगे भूल गए क्या। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि प्रदेश सरकार फेल हो गई है। एक पक्ष के हित में काम कर रही है। 2007 में प्रदेश के गोरखपुर में दंगे हुए। इसके आरोपित को एनआईए ने पकड़ा। अखिलेश यादव ने दोनों के खिलाफ केस बंद कर दिया। पर आज वे जेल में हैं। रामपुर के सीआरपीएफ कैंप पर हमला हुआ, अखिलेश ने केस वापस ले लिए, तब कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई। तब केस चला और दोषियों को सजा हुई। सपा में कार्यकर्ता बनने की पहली शर्त है कि गुंडा होना चाहिए। हर चुनाव में उनकी तरफ के चेहरे बदल जाते हैं, हम कहते हैं कि सब मिलकर आ जाओ प्रदेश की जनता हमारे साथ है।

## PM मोदी ने ICRISAT की 50वीं वर्षगांठ का किया शुभारंभ, कहा- अगले 25 साल संस्थान के लिए अहम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को हैदराबाद के पाटनचेरु में 'इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स'( ICRISAT ) परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने ICRISAT की 50वीं वर्षगांठ का शुभारंभ किया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने ICRISAT परिसर में एक प्रदर्शनी अवलोकन किया। इस कार्यक्रम में तेलंगाना के गवर्नर तमिलिसाई सुंदरराजन और केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी मौजूद रहें। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि आपके पास 5 दशकों का अनुभव है। इन 5 दशकों में आपने भारत सहित दुनिया के एक बड़े हिस्से में कृषि क्षेत्र की मदद की है। आपकी रिसर्च, आपकी टेक्नॉलॉजी ने मुश्किल परिस्थितियों में खेती को आसान और सस्टेनेबल बनाया है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि जैसे भारत ने अगले 25 सालों के लिए नए लक्ष्य बनाए हैं, उनपर काम करना शुरू कर दिया है। वैसे ही अगले 25 साल ICRISAT के लिए भी उतने ही अहम है। संबोधन से पहले प्रधानमंत्री ने ICRISAT के स्वर्ण जयंती समारोह में ICRISAT के विशेष लोगो और स्मारक डाक टिकट को लॉन्च किया। उन्होंने 'क्लाइमेट चेंज रिसर्च फैसिलिटी ऑन प्लांट प्रोटेक्शन' का उद्घाटन भी किया। वहीं, इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि यह आज़ादी के अमृत महोत्सव का वर्ष है। ICRISAT के भी 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। ये हमें प्रेरणा प्रदान करने वाले अवसर हैं, हमारे संकल्प को पूर्ण करने का समय है और आने वाले 25 वर्षों के लिए नए संकल्प लेकर चलने का समय है।बता दें कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव शनिवार को यहां हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवानी के दौरान अनुपस्थित रहे। मोदी 11वीं सदी के संत श्री रामानुजाचार्य की स्मृति में 'स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी' राष्ट्र को समर्पित करने यहां पहुंचे।

## भाजपा वाले घर वोट मांगने आएं तो उनके सामने सिलेंडर रख देना...अलीगढ़ में महंगाई पर बोले अखिलेश



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को भाजपा पर जमकर हमला बोला। कहा कि भाजपा के नेता घर-घर वोट मांगने आ रहे हैं, अब यह जब आएं तो उनके सामने सिलेंडर रख देना। यह लोग लाल रंग से घबराते हैं, सिलेंडर का भी रंग लाल ही होता है। पीएम मोदी के नकली समाजवाद का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा के लोग नकली हैं, यहां जितना बड़ा नेता, उतना ही बड़ा झूठ बोलता है। पूर्व सीएम शनिवार को अलीगढ़ में सपा-रालोद प्रत्याशियों के समर्थन में रामघाट रोड स्थित यश रेसीडेंसी में जनसभा करने पहुंचे थे। जनसभा से पहले प्रेसवार्ता में अखिलेश ने भाजपा पर खूब हमले बोले। कहा कि भाजपा का पहले चरण से ही सफाया होने वाला है। जबसे साइकिल-हैंडपंप साथ आए हैं, भाजपा के दरवाजे बंद हो गए हैं। हमारे सहयोगी दलों ने तो कुंडी लगाई है, अब अलीगढ़ का मशहूर ताला भाजपा पर लगने वाला है और ऐसा ताला लगाना है जिसकी चाबी न बन पाए। पीएम मोदी के नकली समाजवादी का पलटवार करते हुए अखिलेश ने कहा कि भाजपा वाले झांसे देने वाले लोग हैं। छोटा नेता तो छोटा झूठ, बड़ा नेता तो बड़ा झूठ और उससे बड़ा नेता तो सबसे बड़ा झूठ। ऐसे झूठे भाजपा वालों की झूठी सरकार को हटाने का फैसला जनता ने कर लिया है। जनता ने इस बार प्रदेश के मुख्यमंत्री को बदलने का मन बना लिया है। इस बार जो चुनाव हो रहा है। वह भाईचारा बनाम भारतीय जनता पार्टी है। भाजपा नफरत की राजनीति के साथ-साथ नकारात्मक राजनीति करती है। जबकि समाजवादी पार्टी भाईचारे गंगा-जमुनी तहजीब की राजनीति करती है और विकास की बात करती है।एक पहिया लोहिया तो दूसरा बाबा साहब का

अखिलेश ने कहा कि हमारे प्रत्याशियों को सिर्फ चुनाव चिन्ह साइकिल बताना है। जिसमें दो पहिए और एक हैंडल है। एक पहिया राम मनोहर लोहिया का और दूसरा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर साहब का है। सपा प्रमुख ने कहा कि वउत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था के नाम पर जंगलराज कायम है। भाजपा सरकार कानून व्यवस्था के नाम पर ढोंग कर रही है। हाथरस की बेटी पर जो अत्याचार हुआ था। उसके बाद अगर उस बहन को उपचार सही मिल जाता तो आज हो सकता है कि वह जिंदा होती। सपा सरकार में पुलिस व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सबसे ज्यादा बढ़िया कार्य किए गए। डायल-100 चलाकर कानून व्यवस्था को दुरुस्त किया। नाम नहीं ले पाते हैं। हमारी सरकार में हरदुआगंज तापीय परियोजना में 600 मेगावाट की नई यूनिट की नींव रखी गई थी। बीते दिनों बाबा मुख्यमंत्री ने नई यूनिट का उद्घाटन किया पर बाबा इस बिजली कारखाने का पूरा नहीं ले पाते हैं अब जब वह यहां आएं तो पूछ लीजिएगा।

## बर्फबारी के बावजूद गांवों तक चुनाव प्रचार की टीमें पहुंची और लोगों से संपर्क साधा



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

रुद्रपुर -उत्तराखंड में जिस तरीके से मौसम करवट बदल रहा है ठीक उसी तरीके से यहां चुनावी पारा भी अपने सातवें आसमान पर है आपको बता दें कि गुरुवार सुबह से लगी बारिश और दोपहर से हुई बर्फबारी के बावजूद गांव, कस्बों में चुनाव प्रचार जोरों पर रहा। बर्फबारी के बावजूद गांवों तक चुनाव प्रचार की टीमें पहुंची और लोगों से संपर्क साधा।उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान मौसम के साथ ही यहां का विषम भूगोल भी प्रत्याशियों की कदम-कदम पर परीक्षा लेगा, विशेषकर, पर्वतीय क्षेत्र में। एक तो पर्वतीय क्षेत्र की विधानसभा सीटों का भूगोल बेहद जटिल और उस पर मतदाताओं तक पहुंचने के लिए समय बहुत कम। ऐसे में गांवों की पगडंडियां नापना उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा। देखने वाली बात होगी कि प्रत्याशी और राजनीतिक दल इससे पार पाने को क्या रणनीति अपनाते हैं। वही रुद्रपुर विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सतपाल सिंह ठुकराल अपने काफिले के साथ सुबह निकलते हैं बारिश और बिगड़े मौसम को नजरअंदाज करते हुए वह डोर टू डोर लोगों से मिल रहे हैं जिस तरीके से वह सोशल मीडिया का उपयोग चुनाव प्रचार में कर रहे हैं इसे विरोधियों की नींद उड़ी हुई है सतपाल ठुकराल बताते हैं की बहुत सारे कार्यकर्ता और समर्थक सोशल मीडिया के द्वारा जुड़े रहे हैं अपनी बातें कर रहे हैं पूरे दिन चुनाव प्रचार से आने के बाद वह रात को सोशल मीडिया पे आए सवालों का जवाब देते हैं मौजूदा सरकार की नाकामियों को बताते हुए लोगों को आगाह करते हैं कि आने वाले समय में समाजवादी पार्टी को एक मौका दीजिए

## भाजपा जैसी माँ को खंजर घोपने वाले से सावधान रहे जनता : शिव अरोरा



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

रुद्रपुर - रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र 66 से भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा ने शनिवार को धुआं धार चुनाव प्रचार के तहत घर घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया और भाजपा के लिए अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शिव अरोरा ने कहा कि भाजपा का एक बागी जनता को गुमराह कर रहा है। ऐसे ड्रामेबाज उम्मीदवार के बहकावे में न आएं। जो अपनी मां से गद्दारी कर सकता है, भाजपा को आज अपनी राजनीतिक मा बताता फिर रहा है उसने ही माँ की पीठ में खंजर घोंपने का पाप किया है। वह कभी भी किसी का सगा नहीं हो सकता है। पिपिलिया नंबर 1 और सुंदरपुर में जनसंपर्क के दौरान भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी शिव अरोरा ने कहा कि पार्टी ने एक बहरूपिये का भाजपा से बहार इसलिए किया क्यों कि वह बदजुबान था। भाजपा ने ठुकराल को टिकट न देने का फैसला तो उस दिन कर लिया था जिस दिन राजकुमार ठुकराल ने सत्ता के नशे में महिला की बेरहमी से पिटाई की थी। क्योंकि भाजपा वह पार्टी है जो माताओं और बहनों का अपमान किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करती है। शिव अरोरा ने कहा कि रुद्रपुर के विकास में ठुकराल एक बडी बाधा बन गये थे इसलिए रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र तरक्की में पिछड गया। निवर्तमान विधायक ने सिर्फ दबंगयी के बल पर रुद्रपुर में नफरत फैलायी है। हमेशा अमन चैन को खत्म करने की कोशिश की है। शिव अरोरा ने जनता का समर्थन, प्यार और मत मिलने पर क्षेत्र के चहुमुखी विकास का वादा करते हुए कहा कि फैसला आपके हाथ में है कि आपको अपमानित करने, महिला की पिटाई करने और बदजुबान व्यक्ति चाहिए या सर्व समाज की सेवा करने वाला शिव अरोरा चाहिए। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अमिता विश्वास ने भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा की खासियत बताते हुए कहा कि आपके सामने एक शिक्षित, ईमानदार, विकास की सोच रखने वाले, जन सेवक, गरीबो के मददगार शिव अरोरा हैं जिनका विकल्प शायद और कोई नहीं हो सकता है। इस मौके पर सुंदर्शन विश्वास पृथ्वी, कपिल, सुरेन्द्र कालरा, विशाल, सहदेव मंडल, ओमप्रकाश, ठाकुर मंडल, गौतम सहित बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## किच्छा की जनता, उनके कार्यकर्ताओं और उनके पदाधिकारियों ने उन्हें चुनाव लड़ाने का निर्णय किया



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

रुद्रपुर -भाजपा से किच्छा से टिकट की मांग कर रहे अजय तिवारी ने टिकट न मिलने पर निर्दलीय चुनाव मैदान है आपको बता दें कि अजय तिवारी बीजेपी के एक अच्छे नेता थे लेकिन जब पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया तो उन्होंने बीजेपी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने की मन बनाया जब पत्रकार ने अजय तिवारी से पूछा कि आप पार्टी के खिलाफ बागी क्यों हुए हैं तो उन्होंने कहा कि किच्छा विधानसभा क्षेत्र की जनता, उनके कार्यकर्ताओं और उनके पदाधिकारियों ने उन्हें चुनाव लड़ाने का निर्णय किया और वह इस निर्णय का सम्मान करते हुए चुनाव मैदान में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उतरे है।अजय तिवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा विधायक राजेश शुक्ला के अंदर अहंकार आ चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों पर ही मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के सर्वे में वह सबसे आगे थे लेकिन फिर भी उन्हें टिकट नहीं मिला। तिवारी ने कहा कि बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनके साथ जुड़े हैं और सभी सामूहिक इस्तीफा देकर उनके साथ आएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी पर उनकी पूरी आस्था है लेकिन प्रदेश स्तर में उनकी दावेदारी की अनदेखी की गयी।

WWW.KNLSLIVE.COM

## महिलाओं के प्रति अपमान व बदजुबानी से कटा ठुकराल का टिकट: आरपी सिंह



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

रुद्रपुर - उत्तराखंड विधान सभा चुनाव में मतदान के लिए अब आठ दिन शेष बचे हैं, यानी नौवें दिन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होनो है, लिहाजा भाजपा ने निरंतर अपने चुनाव अभियान को धार दे रही है। भाजपा के उत्तराखंड चुनाव सह प्रभारी आरपी सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर राजकुमार ठुकराल का भाजपा से टिकट काटने और छह साल के लिए भाजपा से निकाले जाने के कारण स्पष्ट किए। उन्होंने कहा कि भाजपा एक अनुशासित अंतरराष्ट्रीय पार्टी है। इसमें अनुशासन हीनता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहींकी जाती। जबकि ठुकराल भाजपा में रहते हुए अनुशासनहीनता बदजुबानी कर रहे थे। भाजपा से बाहर का रास्ता दिखाए जाने पर वे जनता को भ्रमित करते फिर रहे हैं कि भाजपा उनकी राजनीतिक मां है, तो फिर सवाल उठता है कि ठुकराल ने मां की पीठ में छूरा घोंप कर जघन्य अपराध क्यों किया है। जरा सोचिए जो मां की पीठ में छूरा घोंपने वाला आम जनता के लिए कितना क्रूर हो सकता है। भाजपा प्रवक्ता व चुनाव सह प्रभारी आरपी सिंह ने कहा कि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने वाले ठुकराल का एक आडियो, वीडियो वायरल हुआ जिसमें वे माताओं और बहनों के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं। महिलाओं पर कीचड़ उछाल रहे हैं, भाजपा ऐसी किसी भी हरकत को बर्दास्त नहींकरती है। महिलाओं के दामन पर कीचड़ उछालने और उनके खिलाफ बदजुबानी करने पर भाजपा ने इस बार उनका टिकट काटा है। जो व्यक्ति वोट लेने के बाद अपनी ही जनता का अपमान करता हो, गाली देता हो, चरित्रहीन बताता हो, वह सभ्य समाज के लिए कलंक से कम नहींहो सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा में महिलाओं को सम्मान देने के परंपरा रही है, लेकिन जब कोई महिलाओं का अपमान करता है तो पार्टी उस पर ठोस कार्रवाई करने से पीछे नहींहटती है। महिलाओं का अपमान करने पर ठुकराल को भाजपा से बाहर कर दिया गया है। आरपी सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा एक शिक्षित, सुलझे हुए व्यवहारिक व्यक्ति हैं। वे महिलाओं के साथ हर वर्ग का सम्मान करते हैं, इसलिए भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार का मतलब विकास की गांरटी है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही आलवेदर रोड बन रही है, पहाड़ पर ट्रेन पहुंच रही हैं, अब टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन का काम शुरू होने वाला है। इसलिए उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार की जरूरत है।

WWW.KNLSLIVE.COM

# सोनू सागर के परिवार से मिले भाजपा दिल्ली प्रदेश के उपाध्यक्ष कर्म सिंह कमा

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम डिलारी गांव मासूमपुर पहुचे बीजेपी के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष कर्म सिंह कर्मा शनिवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी ठाकुरद्वारा क्षेत्र ग्राम डिलारी के गांव मासूमपुर में सोनू सागर जाटव को अगवा कर के गला गोद कर उसकी हत्या कर दी थी तो लगातार बीजेपी का कोई न कोई नेता वहां पहुंच रहा है. इसी सिलसिले में शनिवार को बीजेपी के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष कर्म सिंह कर्मा परिवार से मिलने पहुंचे. भारी समर्थको के बीच परिवार से मिलने पहुंचे कर्म सिंह कर्मा ने दिल्ली के ठाकुरद्वारा मासुमपुर में हुई हत्याकांड का मामले ने पुरा ऐसा तूल पकड़ लिया है कि शनिवार केओ बीजेपी के नेताओं का आना जाना जारी रहा पीड़ित सोनू सागर जाटव के परिवार वालों से मिलने पहुंच और परिजनों को सांत्वना दी हैं. बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी. इस दौरान दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष कर्म सिंह कर्मा ने इस घटना की घोर निंदा की और जल्द से जल्द आरोपियों को सजा दिलाए जाने की बात कही

# अखिलेश यादव की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए मुरादाबाद में उनके कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा

मौ .युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



मुरादाबाद- बीएड टेट 2011 अचयनित बेरोजगार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की ओर से मण्डल अध्यक्ष नैपालसिंह पाल के नेतृत्व में 7/12/12 विज्ञापन की बहाली और भर्ती सरकार ने आने पर करने के लिए समाजवादी पार्टी के मुरादाबाद शहर प्रत्याशी हाजी यूसुफ अंसारी को विधानसभा चुनाव में वोट , सपोर्ट के साथ अखिलेश यादव जी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए मुरादाबाद में उनके कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपते हुए मण्डल अध्यक्ष नैपालसिंह पाल ने कहा कि हम सभी बीएड टेट 2011 अचयनित बेरोजगार अपने परिवार , रिश्तेदार और मिलने वालो के साथ मिलकर पुर्ण रूप से समाजवादी पार्टी को वोट सपोर्ट करेंगे । प्रत्याशियों को विजयी बनाकर माननीय अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनायेंगे। क्योंकि बीएड टेट 2011अचयनित बेरोजगार बीजेपी नेताओं और बीजेपी सरकार की वादाख़िलाफियों और बेरोजगारी से तंग आ चुके हैं । पिछले विधानसभा चुनावो में बीजेपी के नेताओं हमारे धरने प्रदर्शन में आकर मंच साझा किया ओर बीजेपी सरकार बनने पर बीएड टेट 2011 अचयनित बेरोजगार को नियुक्ति देने का वादा किया लेकिन सरकार आने पर भी आज तक इन्होंने कुछ नहीं किया ओर अपना हक व अधिकार माँगने , धरना- प्रदर्शन करने पर पुलिस से लाठीचार्ज कराया जिसमें हमारे बहुत सारे साथी बहुत घायल हुए ओर अस्पताल जाना पड़ा । आमरण अनशन करने के 9 दिन बीतने पर भी किसी ने कोई बात नहीं सुनी। ओर 25 जुलाई 2017 के माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश को भी नहीं माना । ओर अब कुछ समय पहले से तो इनसे मिलने जाने पर मिलने भी नहीं दिया गया। अंतिम समय तक वादा करते रहे लेकिन अभी तक हमारा हक व अधिकार अर्थात सहायक अध्यापक पद की नियुक्ति नहीं दी। अब जैसे क्रश्वस्त्र टेट 2011 अचयनित बेरोजगार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश संगठन के नेतृत्वकर्ताओ के नेतृत्व में सभी बीएड टेट 2011अचयनित बेरोजगार साथियों द्वारा प्रदेश के सभी जिलों विधानसभा सभाओ में समाजवादी पार्टी को 7/12/12 विज्ञापन हेतु समर्थन देने की बात हुई है इस संबंध में आज समाजवादी पार्टी मुरादाबाद शहर विधानसभा के प्रत्याशी हाजी यूसुफ अंसारी को ज्ञापन दिया गया है। मिका निभाएंगे।क्योंकि हमें पता है कि अखिलेश यादव जो कहते हैं वह अवश्य पूर्ण करते हैं।अतः हमें विश्वास है कि 7/12/12 विज्ञापन पर अखिलेश यादव सरकार आने पर भर्ती करेंगे। ज्ञापन प्राप्त करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी यूसुफ अंसारी कहा कि अपने सभी बीएड टेट 2011 अचयनित बेरोजगार निश्चित रहें आपको आपका हक व अधिकार मिलेगा। आप सभी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को बहुमत के साथ विधानसभा पहुँचाये ओर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएं। समाजवादी पार्टी प्रदेश के सभी वर्गों के साथ है। सभी न्याय मिलेगा। इस पर सभी क्रश्वस्त्र टेट 2011 पास अचयनित बेरोजगार एसोसिएशन के सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि हम लोग अपने अपने स्तर से मैदान में जनता के बीच सोशल मीडिया पर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के शहर प्रत्याशी हाजी यूसुफ अंसारी , समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ब्रजलाल जाटव एडवोकेट अनुसूचित जाति , बीएड टेट 2011 अचयनित बेरोजगार एसोसिएशन के मण्डल अध्यक्ष नैपालसिंह पाल , ग्रीश कुमार , सुशील कुमार , मुकेश कुमार , दिनेश सिंह , धीरेंद्र सिंह , ललित वर्मा , नीरज भास्कर , अनिल चौधरी , विकास कुमार , सहजाद अली , मुशाहिद , संजय शर्मा , अजय सिंह , गिरिराज सिंह आदि उपस्थित रहे

# कांग्रेस प्रत्याशी सलमा आगा अंसारी नगर में घूम कर की जनता से वोट की अपील

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा में कांग्रेस पार्टी के विधानसभा प्रत्याशी सलमा आगा ने नगर के साप्ताहिक बाजार में घूम कर जनसम्पर्क कर जनता से अपने पक्ष में वोट डालने की अपील की इस दौरान नगर के सम्मानित गण लोगो ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान व्यापारियों ने उन्हें भारी वोटों से विजय दिलाने का भरोसा दिलाया कांग्रेस प्रत्याशी सलमा आगा अंसारी ने अपने समर्थकों के साथ नगर के कई क्षेत्रों में जनसम्पर्क साधा इस दौरान उनके साप्ताहिक बाजार पहुँचने पर व्यापारियों ने उनका फूल मालाएं पहनाकर जोरादार स्वागत किया इस दौरान सलमा आगा अंसारी ने कहा कि जनता का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि वह आगामी चुनाव में विधायक चुनी जाती हैं तो सभी वर्गों के लोगों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा व कांग्रेस की नीतियों से जनता बुरी तरह त्रस्त है जनता भाजपा को नकारने का मन बना चुकी है। इस दौरान नगर अध्यक्ष सादिक़ सिद्दीकी ,वसीम उर्फ छंगा,संजीव सिंघल,यासीन क़ुरैशी,शाफे ज़ खान,खलीफा,डॉ हनीफ, सरीफ आजाद अंसारी, महबूब कुरैशी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# आठ फरवरी के बाद मुरादाबाद मंडल में होंगी सपा की सभाएं

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- भाजपा, बसपा व कांग्रेस के बड़े नेताओं की चुनावी सभाओं के बीच अब सपा ने भी चुनावी सभाओं की तैयारी पूरी कर ली है। आठ फरवरी के बाद सपा तीन दिनों में छह विधानसभाओं को कवर करेगी पहली सभा बिजनौर से शुरू होने की बात कही गई है। सपा जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने कहा कि अब चुनाव चरम पर है ऐसे में अपने वोटर व सपोर्टरों में नई ताकत जगाने को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संग बड़े नेताओं की सभाएं लगाई जाएंगी। कोशिश यही है कि एक दिन में दो विधानसभाएं निपट जाएं, जिससे बारह तारीख तक सभी सभाएं हो जाएं। पहली सभा बिजनौर और फिर कांठ, ठाकुरद्वारा, बिलारी, मुरादाबाद नगर, देहात, रामपुर में होगी। हाईकमान को भेजे पत्र में कार्यक्रम की तारीख मांगी गई है, जिसके एक दो दिन में मिलने की, संभावना है।

# भाजपा प्रत्याशी की पत्नी सुरभि चौहान ने चहुमुखी विकास एवं शांति सुरक्षा के लिऐ मागे वोट

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा 26 विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के युवा शिक्षित कर्मठ जुझारू नेता प्रत्याशी अजय प्रताप की पत्नी सुरभि चौहान ने क्षेत्र के ग्राम नाहर वाला, खाई खेड़ा, चतरपुर,काला झांडा, बढ़ापुर, मझरा कूरी ,आदि अनेकों गांव में कोविड-19 एवं आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए सरकार की नियम गाइडलाइंस अनुसार डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान किया जहां जनता का असीम उत्साह और प्रेम उन्हें प्राप्त हुआ और लोगों ने उन्हें फूल मालाओं और पुष्प वर्षा से उनका भव्य स्वागत करते हुए क्षेत्र के चहुमुखी विकास एवं शांति सुरक्षा के लिए उन्हें भारी मतों भाजपा प्रत्याशी अजय जी को विजयी बनाने का आश्वासन दिया सुरभि जीने जनता से भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाकर उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार बनाने की अपील की साथ मे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मिथलेश रानी राष्ट्रीय हिंदू रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सक्सेना बृजेश सिरोही वीरेंद्र सिरोही हेमलता देवी पूनम चौहान मोना निधि माया देवी राजबाला उपासना चौहान आदि मौजूद रहे

www.knlslive.com


इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक



क्यूँ न लिखूँ सच

*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश्ह से प्रकाशित एवं वितरित किया।*

*संपादक - नरेश राज शर्मा*

*मो. 9027776991*

**Title Code : UPBIL05086**

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।*

## संपादकीय Editorial

# Employment to local

The Haryana government has not given up. The state government has approached the Supreme Court against the decision of the Punjab and Haryana High Court, which had stayed 75 per cent reservation for local people in the private sector. The law was passed in November and has come into force from January 15 this year.Ever since the bill of this law was introduced in the assembly, private sector companies and their organizations have been opposing it.

Later all of them challenged it in the High Court and on Thursday the court had stayed it. The way the Haryana government reached the Supreme Court the very next day, it tells how high this matter is in its priority list.As soon as the decision of the ban came from the High Court, the Deputy Chief Minister of the state Dushyant Chaitala had expressed his intention by tweeting at the same time.

Dushyant Chaitala's Jannayak Janata Party had promised reservation to the local people in its election manifesto. His party is the second largest constituent of the BJP-led coalition government.This is not the first time that the issue of giving such reservation to the local people has been raised in a state. Such attempts have been made several times in many states. In 1995, the Gujarat government had tried to enact a similar law. In Maharashtra,

Shiv Sena's manifesto also talks about giving priority to local people in employment and there have also been efforts to make such a law.This is a simple political formula for regional parties. They feel that by talking about providing employment to the local people, they will be able to sway public opinion in their favour. But the private sector has always been opposed to any such restrictions.

Private industry wants complete freedom about who to hire and who does not. In this, government restrictions create many problems for them.However, usually the first priority of the private sector is the local people, as it is convenient for them too. But his first objective is to hire as many people as possible, who have maximum efficiency suited to his work. Locality is not very important in such positions.It is true that Haryana is currently one of the states in the country where unemployment rate is highest.

But is reservation in the private sector the best way to overcome this? If attention is given to education and skill development, then many avenues of employment can be opened for the children of Haryana not only in their own state but also in other states.It is not yet known how far this matter will go in the courts. The High Court has also given only an adjournment, no final decision has come from there.

The appeal made in the Supreme Court is for quashing this adjournment.But it should be expected that when the final decision comes in this matter, then it will also become an example for those other state and regional parties of the country, who accept their duty by promising reservation to the local people and get employment. Do not do concrete work or arrangements on the front.

# Seeing Kiara Advani in a backless dress, this was the reaction of Jhanvi Kapoor, the video is going viral



Bollywood actress Kiara Advani has shared a video of herself in a backless dress which has spread like a fire on the internet. Kiara is seen in a very bold avatar in the video. Kiara Advani has got a photoshoot done wearing a high slit shimmery dress in silver color. Kiara is looking killer in a backless dress and this video of her is being shared fiercely on the internet. Apart from millions of fans, many celebs have also given their feedback in the comment section.Kiara seen in bold look - Within 3 hours more than 25 lakh people have seen and liked this video. In the comment section, Jhanvi Kapoor has given her reaction by making a fire emoji. Actress Aastha Sharma has also given her reaction by making a fire emoji. Manish Malhotra and Tanya Ghavri have also reacted by making heart and fire emojis. Although the fans were waiting for the comment which would have been the most special.Fans like the pair of both – Kiara Advani's boyfriend Sidharth Malhotra has not yet commented on this video. It is known that Sidharth Malhotra and Kiara Advani are dating each other for a long time. The two were seen working together for the first time in the film 'Sher Shah' and the pair got as much love onscreen as they are getting off-screen.Siddharth-Kiara will get married this year- Fans are eagerly waiting for the marriage of both, although so far there has been silence from both the sides. On the birthday of Siddharth Malhotra, Kiara Advani shared a very special picture in which both were seen in a very romantic style. It is believed that in the year 2022, Kiara and Siddharth can tie the knot.

# Nia Sharma wore a 'bold' pose in a deep neck transparent dress, fans were injured after seeing the pictures.

Nia Sharma has shared pictures from her recent bold photoshoot on Instagram. In this she can be seen wearing a transparent skin tight deep neck dress. She is looking very beautiful in the pictures. Nia Sharma is wearing makeup. She has tied hair and she is red She is seen wearing colored lipstick. She is looking very beautiful in the pictures. - Nia Sharma's bold pictures have gone viral on Instagram .Nia Sharma's pictures have gone viral on Instagram. It is being liked a lot. In the following picture, Nia Sharma is seen getting ready for her brother's wedding. She has taken a mirror selfie. Nia Sharma is a TV actress. She has appeared in many TV shows. Apart from this, she has also appeared in many reality shows. She often shares her hot and bold pictures and videos, which fans like very much.Nia Sharma is attending her brother's wedding - Nia Sharma is currently in Delhi and attending her brother's wedding. Earlier, she shared pictures of Haldi, which was liked by the fans. Sharma had written, 'Brother's wedding.' Apart from this, he had also tagged brother. His pictures have gone viral on social media. Many people are congratulating him on this.Nia Sharma was recently seen in the song Phoonk Le - Nia Sharma was recently seen in the song Phoonk Le. This song was very much liked. She did a lot of bold dance in this song. She also appeared in Khan's reality show Bigg Boss 15.



# जलेसर में रोड़ ना रोडवेज, डिपो के नाम पर झुन झुना



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- विधान सभा जलेसर क्षेत्र अंतर्गत जनता के बीच ग्राउंड जीरो से देखा गया तब जनता द्वारा बताया गया कि जलेसर में एक दो रोडवेज बस ही आती जाती है परन्तु सायं ढलने के बाद कस्वा जलेसर एक टापू का रूप धारण कर लेता है जहां से सायं 6 बजे के बाद आना जाना पूरी तरह ठप होजाता है, चुनावी माहौल में रोड़वेज बस डिपो के नाम पर क्षेत्रवासियों को ठगा जा रहा है, सूत्रों के मुताबिक विधायक जलेसर की नाक के नीचे जुआ-सट्टे का कारोबार जोरों पर है, जन समस्याओं से जलेसर आज भी जूझ रहा है अभी तक उभर नहीं पा रहा है। जलेसर क्षेत्र की जनता द्वारा बड़े आरोप लगाते हुए बताया कि भाजपा विधायक थाने की राजनीति में ही सिमट कर रह गए हैं परंतु विधानसभा क्षेत्र अभी भी रोड़-रोड़वेज, पेयजलापूर्ति की समस्याओं से जूझ रहा है।

# मां वीणा वादिनी के अवतरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा- सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में मां वीणा वादिनी के अवतरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक राजपाल सिंह विद्यालय के अध्यक्ष सुधीर गुप्ता प्रबंधक वीरेंद्र वार्ष्णेय, साधना वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष मनमोहन राठी ,सर्वेश बाबू दीक्षित, यजमान गोकुलेन्द्र द्विवेदी ,शशि शर्मा नीरज गुप्ता ,कुसुम गुप्ता, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार वर्मा ने संयुक्त रुप से मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्चन करके किया। आचार्य ब्रह्म प्रकाश शास्त्री सहयोगी नितेश आर्य, अंकित आर्य ने विधिपूर्वक हवन अनुष्ठान किया। इसके साथ साथ वीर हकीकत राय को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हर्षिता भारद्वाज, कोमल ,खुशी ,प्रगति, प्रथम परमार, अनन्या, रुद्रांश द्विवेदी, देवांश द्विवेदी, सक्षम, स्वास्तिक, आर्या ,दीपशिखा, अपराजिता के द्वारा सुंदर वंदना एवं देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का संचालन विवेक दुबे ने किया । उप प्रधानाचार्य प्रेमचंद्र ने बसंत पंचमी से संदर्भित पौराणिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक घटनाओं के बारे में अवगत कराया ।इस अवसर पर डॉ अरुण राजोरिया ,आश्चर्य वार्ष्णेय, संजीव मिश्रा ,यादवेश सिंह, कृष्णकांत पांडे, विवेक पांडे, सुनीता उपाध्याय, सुनीता जैन, कुसुम पांडे , रमन प्रताप सिंह, श्याम सुंदर शुक्ला, सत्य प्रकाश पाठक ,आलोक त्रिवेदी, सत्य शील मिश्रा ,पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, भव नाथ झा, सूबेदार सिंह शाक्य, अजय गौड़, राजेंद्र सिंह ,डॉक्टर संजीव सिंह ,पंकज मलिक, ममता उपाध्याय, डॉ योगेंद्र सिंह, कृष्ण गोपाल अग्रवाल डॉ राहुल शर्मा, मनोज कुमार सिंह, दयाशंकर पचौरी, विवेक दुबे , नागेश अग्निहोत्री ,अलका सक्सेना ,विनय प्रताप सिंह, शैलेश प्रताप सिंह, निधि पांडे ,विनय वशिष्ठ, दीपक राघव ,लोकेंद्र कुमार , रवीश चंद्र, संयोगिता भारद्वाज ,अंजू वार्ष्णेय, शिखा सक्सेना, डॉ अजय उपाध्याय, लवली शर्मा ,सीता शर्मा ,सौरभ गुप्ता, विकास अग्रवाल, शिवकांत चंदेल अनिल कुमार, अनीता वर्मा, राजीव वर्मा ,अवनीश माहेश्वरी, पवन कुमार, आलोक जैन ,श्याम भारद्वाज, बृजेश कुमार उपाध्याय , गार्गी उपाध्याय, हरी बाबू शर्मा, विजय कुमार ,आशीष दीक्षित, नवीन नीरज शर्मा, अनिल कुमार ,कीर्ति सिंह, वेद प्रकाश, राजवर्धन गुप्ता ,जगपाल सिंह राठौर, विजय कुमार, केशव मिश्रा ,मुनेंद्र प्रताप सिंह सहित विद्यार्थियों की भी उपस्थिति रही।

# सम्पूर्ण हिन्दू समाज अपनी आहुति दे

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा- ।विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान की विज्ञप्ति अनुसार उ.प्र. मे विधानसभा चुनावों के महापर्व का आगाज हो चुका है जिसमें सम्पूर्ण हिन्दू समाज अपनी आहुति दे तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को आहुति डलवाये जिससे ज्यादा से ज्यादा मतदान हो सके ।लोकतंत्र मे मतदान की अहम भूमिका रहती है ।इसलिए मतदान के दिन मतदान दिवस के रूप मे मनाये न कि पिकनिक डे सवसे पहले मतदान करे उसके वाद जलपान करे। श्री चौहान ने कहाँ कि चुनाव के माध्यम से ही हम नई सरकार का गठन करना है इसलिए पूरे हिन्दू समाज को एकजुट होकर निर्णय लेना है तथा इस बात का भी ध्यान रखना है कि ''जो हिन्दू हित की बात करेगा वही देश पर राज करेगा卐इसलिए सभी सम्पूर्ण हिन्दू समाज को सोच समझ कर निर्णय लेना है क्योंकि मतदान के माध्यम से ही हमें ऐसे लोगों को सबक सिखा पाएंगे जो कि आर एस एस को नाग बताते है तथा हमारे कारसेवकों पर गोलियां चलवाते है ।इसलिए मेरा विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा मतदान दिवस वाले दिन अधिक से अधिक मतदान करवाने मे जुटे।

# मिश्रा ने कहा 2022 में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सरकार बन रही है

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा-104 कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती गुंजन मिश्रा ने एटा शहर के वार्ड नंबर 18 में जन संपर्क करके लोगों से मांगे वोट जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती गुंजन मिश्रा ने कहा 2022 में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सरकार बन रही है मैं आप सभी को विश्वास दिलाती हूं कांग्रेस ने जो प्रतिज्ञा ली हैं जैसे 20 लाख नौकरी जिसमें 40 परसेंट महिलाओं को नौकरी 3 सिलेंडर महिलाओं के लिए यह सारी योजनाएं लागू की जाएंगी जनसंपर्क के दौरान एटा जिला कांग्रेस कमेटी के प्रशासन उपाध्यक्ष 104 विधानसभा के चुनाव प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस अल्पसंख्यक मोहम्मद इरफान एडवोकेट शहर के पूर्व अध्यक्ष आदर्श मिश्रा कांग्रेस अल्पसंख्यक के शहर अध्यक्ष रियाज अब्बास अल्पसंख्यक के शहर उपाध्यक्ष राशिद खान शहर महासचिव मोहम्मद अफजाल शहर महासचिव सुल्तान अली अब्बास शहर सचिव मोहम्मद आमिर मोहम्मद रिहान कांग्रेस अल्पसंख्यक सोशल मीडिया प्रभारी मोहम्मद सोहेल एनएसयूआई के जिला महासचिव मोहम्मद तसव्वूर शहर वार्ड 18 के अध्यक्ष नाजिम हुसैन आदि लोग उपस्थित थे

# एक टूटे हुए परिवार को एकसाथ रहने को राजी किया गया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- सराहनीय कार्य परिवार परामर्श केंद्र जनपद एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में महिला थाना पर संचालित परिवार परामर्श केंद्र में काफी प्रयास के बाद एक टूटे हुए परिवार को एकसाथ रहने को राजी किया गया, मामला प्रियंका पुत्री रामविलाश निवासी थाना पिलुआ एटा व उसके पति सुभाष पुत्र श्रीनिवास निवासी थाना गंगीरी जनपद अलीगढ का है दोनों के बीच किसी बात को लेकर मनमुटाव था, आज दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता करा एकसाथ रहने को राजी किया गया, आज की बैठक में अकरम खान निरुपमा वर्मा, गीता शर्मा, सचेन्द्र गुप्ता, अशोक के अलावा परिवार परामर्श केंद्र स्टाफ श्रीमती मिथलेश, श्रीमती मंजू अग्रवाल मौजूद रहीं।

# फर्जी पुलिस बाले बनकर मास्क और हेलमेट चेकिंग के नाम पर बकील से लूट कर हुए फरार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा-दो मुन्ना भाइयों ने पुलिस वाला बनकर एटा के प्रतिष्ठित वकील से की 2 अंगूठ की लूट, एक अन्य व्यक्ति से चैन की भी की लूट। एटा के प्रतिष्ठित वकील रविंद्र सहाय घंटाघर बाजार से सब्जी लेकर लौट रहे थे अपने घर। दोनों फर्जी पुलिस बालों ने बकील से लूट होने की बात कह किया चेकिंग का दिखावा। दोनो मुन्ना भाइयों ने वकील को रोककर मास्को और हेलमेट ना लगाने की कहकर दो अंगूठी उतरवाकर हुए फरार। एटा - कोतवाली नगर क्षेत्र के बजरंग होटल के पास की घटना।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# कला केंद्र व शैक्षणिक संस्थानों में विधि विधान से हुआ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- वसंत पंचमी के अवसर पर वीणा वादिनी माॅ सरस्वती पूजन आज श्रद्धाभक्ति और उत्साह के माहौल में मनाया गया। नगर के कला केंद्र व शैक्षणिक संस्थानों में सुबह से ही बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में स्कूल पहुंचे व कला केंद्र में जिला सीईओ श्री राहुल देव ने विधि विधान से मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की, साथ ही कला केंद्र में बच्चों के द्वारा माँ सरस्वती की स्तुति किया व कई स्थानों पर मां सरस्वती की प्रतिमाओं की स्थापना भी की गई है, जहां भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की जा रही है।

विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती पूजन को लेकर आज सुबह से ही स्कूली बच्चों में भक्ति भाव नजर आया। शैक्षणिक संस्थानों सहित नगर के सभी निजी व शासकीय शैक्षणिक संस्थानों में माहौल पूरी तरह मां सरस्वती की अराधना में डूबा रहा। बच्चे पारंपरिक परिधान में पूजन सामग्री लेकर स्कूल पहुंचे। बच्चे जहां धोती पहने थे, वहीं बच्चियां साड़ी पहन स्कूल पहुंचे। स्कूलों में विद्या दायिनी पूजा-अर्चना की गई जिसमें स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। परंपरानुसार छोटे बच्चों ने पढ़ाई की शुरूआत भी की। सरस्वती पूजा को लेकर शहर में भक्ति व उल्लास का माहौल बना रहा। वहीं जिला सीईओ ने वसन्त पंचमी की सभी को शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को कलम भेंट किया।

# कुपोषित बच्चों के सुपोषण के लिए जिले में हेल्थ फाई-ड़े शिविर का हुआ आयोजन




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के लिए 99 स्थानों में शिविर लगाकर उनका चेकअप कर विटामीन सिरफ एवं आवश्यक दवाएँ देने हेतु नवाचार ष्हेल्थ फाई-ड़ेष् का आयोजित किया गया । जिले में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से पुरे जिले ने शिविरों का आयोजन किया गया, उपरोक्त अभियान में ग्रामिण क्षेत्र के बच्चों को जर्वजस्त लाभ मिल रहा है। सभी गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चें अपनी माताओं के साथ प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र पर आ रहे हैं और उनका विधिवत मेडिकल जॉच की जा रही है। मां एवं उनके क्षेत्र के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ दवां एवं विटामिन सिरफ के साथ व्यवहार परिवर्तन के लिए भी बताया जा रहा है। हेल्थ फाईड़े के साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रो में सुपोषण पाठशाला का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चे के मां के व्यवहार परिवर्तन स्वच्छता के संबंध में जानकारी के साथ ही खेल खानपान, रहन-सहन के सम्बंध की जानकारी संबंधित पर्यवेक्षक के माध्यम से दी गई । महिला जागृती शिविर का आयोजन भी सभी स्थान में आयोजित किया गया जिसमें महिलाओं को अपने जिवन शैली में कैसे परिर्वतन लाना, अपने खान-पान के तरीके में एवं आहार में विटामिन, कार्बोहाइड्रेट, वसा तथा फाईवर पर्याप्त मात्रा में हो इसका धयान देना है यह बताया जा रहा हैं। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री चन्द्रवेश सिंह सिसोदिया, जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल के द्वारा हेल्थ फाई-ड़ें कार्यक्रम का आज निरिक्षण किया गया जिसमें रामानुजनगर विकास खंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्दरपुर एवं परशुरामपुर के कार्यक्रम में वह उपस्थित रहें, कार्यक्रम अधिकारी नें ड़ॉ से मुलाकात कर बच्चों में होने वाले परिर्वतन पर चर्चा की साथ हि उन्होने उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं से अलग-अलग चर्चा कर व्यवहार परिर्वतन पर जोर दिया सूरजपुर जिले में आज प्रतापपुर विकासखंडा में 14. सूरजपुर - 14 प्रेमनगर- 05 रामानुजनगर 12, ओड़गी पर हैल्थ फाई-ड़े शिविर का आयोजन किया गया है।

# भाजयुमो ने राहुल गांधी और भूपेश सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- दतिमा मोड़- भाजपा मंडल भटगांव के ग्राम राई( दतिमा ) स्थित पेट्रोल पंप के समीप भारतीय जनता युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल व युवा मोर्चा अध्यक्ष राजू जायसवाल व महामंत्री रमेश गुप्ता की उपस्थिति में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व सांसद राहुल गांधी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। पुलिस विभाग के द्वारा पुतला छीनकर जप्त कर लिया गया। प्रदर्शन के दौरान करंजी प्रभारी संजय गोस्वामी व पूरी टीम उपस्थित रहे। भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल ने सरकार पर जमकर आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र में विरोध का सभी राजनीतिक दल को अधिकार है लेकिन कांग्रेस की भूपेश सरकार तानाशाही पर उतर आई है उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के रायपुर कार्यक्रम से पूर्व कांग्रेस सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन द्वारा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की आधी रात में घर से गिरफ्तारी करना और रायपुर जा रही युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को रास्ते में रोकना निंदनीय है। प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से उपस्थित जिला को पदाधिकारी राजेंद्र पाटले, सरवन पाटले, नितिन शर्मा, संजय पाटले, तुलेश्वर राजवाडे, पारस पैकरा, विनय यादव, दीपेश मानिकपुरी, देव काशीपुरी, दीपक राजवाड़े, प्रिंस जायसवाल, जय रवि, रोहित, विकाश पैकरा, ओम प्रकाश, राजेश यादव, सोनू देवांगन, राजेश पैकरा, संजय देवांगन, खेल साय पैकरा,तपेश्वर राजवाडे, मुकेश ड़े, राजेश राजवाडे, तारा राजवाडे, राजेश पैकरा, विकेश राजवाडे, आशीष यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 15 हाथियों के झुंड ने एक उतारा मौत के घाट, घटनास्थल पर हुई मौत

## तीन दिनों बाद मिला लाश, बेटे व साडू की पुत्री ने भागकर बचाएं जान






रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर-बिहारपुर गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान परिक्षेत्र महुली रेंज में हाथियों के दल ने एक ग्रामीण को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया है मौके पर पहुचे उद्यान के अधिकारियों ने पंचनामा तैयार कर शव को पीएम के लिये भेज दिया. यह घटना उद्यान रेंज के छतरग गांव की है जहा पर रहने वाले ग्रामीण शंकर सिह 45 वर्ष बीते दिन गुरुवार अपने पुत्र पप्पु सिंह12 वर्ष व साढू की पुत्री पुनम सिंह को लेकर जंगल के रास्ते रसौकी गांव जा रहा. सुरजपुर जिले से लगे कोरिया जिले की सीमा से लगे रसौकी की जंगल जैसे लगभग 04 से 05 बजे के बीच पहुचे तो उन सभी का सामना 15 हाथियों के दल से हो गया और हाथियों ने तीनो पर हमला करने दौड़े तो सबसे पहले पप्पू सिंह के उपर हमला किए तो गिर पड़ा तो पिता शंकर सिह ने सौर की तो हाथियों बेटा को छोड़कर पिता कुचल कर मौत के घाट उतार दिया ।वही उसके पुत्र और साढ्हु की पुत्री ने भाग कर अपनी जान बचाकर पुरे घटना की जानकारी दुसरे दिन परिजनो व गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के बीट गार्ड को दिये जाने के बाद बीट गार्ड द्वारा कार्यलय में सूचना देने के बाद पहुंचबिन क्षेत्र होने के कारण गुरुवार की घटना के बाद शनिवार को मौके पर पहुचे गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान परिक्षेत्र के अधिकारियों व रामगढ़ चौकी प्रभारी ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा तैयार कर पीएम के लिये सोनहत भेज दिया है तो वही विभाग तत्कालिक सहायता राशि प्रदान करने की कार्यवाही में जुटी हुई है.

# आज बांदा गल्ला व्यापार मंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट बांदा को दिया ज्ञापन



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बाँदा - बांदा गल्ला व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी बांदा कार्यालय पहुंच कर सिटी मजिस्ट्रेट बांदा को सम्बोधित ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया की गल्ला मंडी प्रशासन द्वारा ढिलमुल रवय्या अपनाए जाने से गल्ला मंडी के अंदर अराजक तत्वों का बोलबाला कायम है।

जिससे सभी व्यापारी हमेशा भयभीत बने रहते हैं। साथ ही यह भी बताया गया की रात में अराजक तत्वों द्वारा शराब जुआ खेलने वा चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता हैं। अभी हाल गल्ला मंडी के व्यापारी आशीष गुप्ता गायत्री नगर निवासी जब सुबह ग्यारह बजे अपने दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान का हल देख होश उड़ गए।

दुकान पर लगे कई तालो के होते हुए दुकान के पीछे से काफी मॉल जो एक लाख दस हजार रुपए के करीब था चोरी हो गया। इसी से परेशान बांदा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट बांदा से चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने वा शाम को अराजक तत्वों के प्रवेश पर शक्ति से रोक लगाए जाने की मांग की गई।

# ठंड में जमीन पर बैठकर आप प्रत्यशी नंदलाल ने मांगें वोट



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

रुद्रपुर- ठंड और बारिश के बावजूद रुद्रपुर विधानसभा 66 से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी नंदलाल प्रसाद डोर-टू-डोर पहुंचे। आप प्रत्याशी नंदलाल प्रसाद ने लोगों के नगर निगम के वार्ड नंबर 11 संजय नगर, हरिदासपुर, बसंतीपुर, विजयनगर में पहुंचकर अपने लिए वोट मांगें। इस दौरान उन्होंने केजरीवाल की गारंटियों के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की तर्ज पर उत्तराखंड का विकास किया जाएगा। आज बरसात के बावजूद उन्होंने डोर-टू-डोर भ्रमण किया। इस दौरान नंदलाल जमीन पर बैठ गए। नंदलाल ने कहा कि आगामी 14 फरवरी को जनता के पास अपने 21 सालों के हिसाब चुकाने का मौका है। जिसका जवाब वह आम आदर्मी पार्टी के पक्ष में वोट कर दे सकते है। इस दौरान कई बुजुर्गो ने नंदलाल को आर्शीवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस बार आप लोग भाजपा-कांग्रेस का हिसाब चुकता करें। नंदलाल ने कहा कि अगर उत्तराखंड में कर्नल कोठियाल की सरकार आती है तो हर घर हर महीने 300 यूनिट बिजली फ्री दी जायेगी। हर युवा को रोजगार दिया जायेगा, रोजगार न मिलने तक 5000 रूपये हर माह दिये जायेंगे। इसके अलावा महिलाओं को 1000 रूपये हर माह दिये जायेगें जिससे वह अपना खर्च चला सकें।नंदलाल ने कहा कि यही नहीं लंबे समय से गैरसैण स्थाई राजधानी की मांग पूरी होगी। इसके अलावा परिसम्पतियों का हक दिलाया जयेगा। हर गांव में बेहतर और मुफ्त इलाज दिया जायेगा। हर बच्चे को विश्व स्तरीय शिक्षा दिलाई जायेगी। शहीद सैनिकों को एक करोड़ की सम्मान राशि व रिटायर्ड सैनिकों को सरकारी रोजगार दिया जायेगा। मुफ्त तीर्थ दर्शन कराये जायेंगे। किसानों को उनकी फसल की पूरी रकम दी जायेगी। इसके अलावा उत्तराखंड में 6 नये जिले बनाये जायेंगे जिसमें काशीपुर, रूडकी, कोटद्वार, डीडीहाट, रानीखेत और यमुनोत्री शामिल है। मलिन बस्ती में निवास करने वाले लोगों को मालिकाना हक दिया जायेगा। इसके लिए आपको आने वाले 14 फरवरी को झाडू के निशान पर बटन दबाना होगा। इस मौके पर विजय वर्मा, नितेश सिंह, सूजल अधिकारी, धर्मेन्द्र सिंह, विजय शिकारी, किरण पांडे विश्वास, उषा दिवाकर, मनोज कालाकोटी, विद्या शर्मा, सुरेन्द्र गाबा, लाडी खैरा, धमेन्द्र, महेन्द्र, अमर वर्मा, अजय आदि मौजूद रहे।

# सपा सरकार बनी तो गर्मी नहीं नौकरी निकलेगी, बनेगा स्पोर्ट्स सेंटर

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



अलीगढ़ - सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने धोखा दिया। कोरोनाकाल में ऑक्सीजन व इंजेक्शन तक नहीं मिले। अखिलेश ने शनिवार को अलीगढ़ में प्रेस से बातचीत की। सपा सरकार बनेगी तो गर्मी नहीं, नौकरी निकलेगी। इन्होंने कहा कि हवाई चप्पल वाला हवाई जहाज में बैठेगा। लेकिन, मंहगाई इतनी है कि वाहन तक नहीं चला पा रहे है। एयरपोर्ट बेच दिए। हेलीकॉप्टर बेच दिए। ये फेंकू नहीं, बेचू सरकार है। ये सब बेच देंगे। फिर संविधान का क्या होगा। किसी फसल का भुगतान नहीं कर पाए। घरेलू बिजली 300 यूनिट फ्री होगी। तब से भाजपा वाले घबरा गए हैं। कई लोगों पर मुकदमे लग गए। कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली होगी। सपा का लैपटॉप अब भी चल रहा है। बाबा जी लैपटॉप नहीं बांट पाए। वह लैपटॉप चलाना ही नहीं जानते। डीजल पेट्रोल महंगा है। चुनाव नजदीक आया तो भाजपा ने तीनों काले कानून वापस ले लिए। जब कानून लागू हो रहे थे तो आप अच्छाई बता रहे थे। लेकिन, अब वापस क्यों लिए। अगर तीन कानून हक में थे तो फिर वापस क्यों लिए।

# देवारो से प्रताड़ित बेवा महिला ने पुलिस अधीक्षक बांदा से लगाई न्याय की गुहार



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बाँदा -पूरा मामला बांदा जनपास के बिसंडा थाना अंतर्गत बेदन पुरवा मझिवा सनी की रहने वाली राजकुमारी पत्नी रघुराज ने आज पुलिस अधीक्षक बांदा कार्यालय पहुंच कर अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि मेरे देवर मुझे घर से निकलने के चक्कर में अक्सर मारपीट करते रहते हैं। जिसकी संबंधित थाने में कई बार शिकायत भी की मगर हर बार की तरह तीन तारीख को फिर से मार पीट की है आज पुलिस अधीक्षक बांदा से प्रार्थना पत्र के माध्यम से न्याय दिए जाने की मांग की।

# चुनावों को प्रभावित करने के उद्देश्य से लाई गई अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

रुद्रपुर- पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रदेश में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद में अवैध शराब की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अवैध तरीके से नशीले पदार्थो का क्रय-विक्रय करने वालों के विरूद्ध प्रभावी चैकिंग अभियान हेतु आदेशित किया गया है। उक्त के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर महोदया श्रीमती ममता वोहरा, पुलिस अधीक्षक अपराध महोदय श्री हिमांशु वर्मा के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सितारगंज महोदय श्री ओम प्रकाश के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक सितारगंज महोदय के निकट निर्देशन में FST vst शक्तिफार्म व कोतवाली सितारगंज पुलिस द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया तथा दिनांक 4-2-2022 की मध्यरात्रि देवनगर चौराहे पर स्वराज 855 स्नश्च ट्रैक्टर-ट्राली रजि0 संख्या K18CA3393 से 140 पेटी अग्रेजी शराब मार्का SRÓs BIG HEAT Delu&e Whisk4 बरामद की गई, ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया, उपरोक्त संबंध में कोतवाली सितारगंज में मु0अ0सं0 53/2022 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। ,बरामदगी 1- अंग्रेजी शराब मार्का SRÓs BIG HEAT Delu&e Whisk4- 140 पेटियां,2- ट्रैक्टर-ट्राली रजि0 संख्या K18CA3393 बरामदगी करने वाली टीम,1- कृष्ण कुमार ( प्रभारी FST टीम, शक्तिफार्म ) ,2- उ0नि0 संजीत कुमार, प्रभारी चौकी शक्तिफार्म,3- उ0नि0 चंदन सिंह बिष्ट, प्रभारी चौकी सिसौना,4- उ0नि0 संजय बोरा, थाना सितारगंज,5- कानि0 39 भारत भूषण, थाना सितारगंज,6- कानि0 1048 नरेंद्र पाठक, थाना सितारगंज,7- कानि0 1011 नरेंद्र यादव, थाना सितारगंज,8- कानि0 738 मोहित वर्मा,9- हो0गा0 गणेश सिंह,10- कैमरा मैन त्रिलोकी चन्द ,11- चालक हिम्मत सिह

# पुलिस अधीक्षक ने किया कई बूथों का निरीक्षण



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती-पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा विधानसभा सामान्य निर्वाचन- 2022 की तैयारियों के दृष्टिगत थाना गिलौला क्षेत्र अंतर्गत किसान इंटर कॉलेज थाना गिलौला, प्रेम कुमार शुक्ला इंटर कॉलेज एकघरवा, महावीर इंटर कॉलेज मोहम्मदापुर गिलौला, गौरीशंकर टंडन नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज थाना गिलौला आदि का भ्रमण कर मूलभूत सुविधाओं/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य से वार्तालाप किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के दृष्टिगत जनपद में केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल की कंपनियों का व्यवस्थापन होना है, उनकी मूलभूत सुविधाओं के लिए विद्यालयों का भ्रमण किया जा रहा है।

# प्राथमिक विद्यालय बरगदही बना नर्तकियों के नाच का अड्डा

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- जनपद श्रावस्ती विकास क्षेत्र जमुनहा का प्राथमिक स्कूल बरगदही नर्तकियों के नाच का अड्डा बन गया है। स्कूल बंद होने के बाद भी कुछ युवा दिन में नर्तकियों को लाकर स्कूल में नचाते हैं। इस स्कूल को मतदान केन्द्र भी बनाया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने नाच बंद कराया और नाच कराने वाले लोगों को चेतावनी दी है। ग्राम पंचायत देवरनियां के बरगदही गांव के प्राथमिक विद्यालय में कुछ गांव के कुछ युवा दो नर्तकियों को बुला लाए और दिन में नाच कराने लगे। युवाओं ने डीजे की धुन पर नाचना शुरू किया तो गांव के कुछ लोगों ने इसकी सूचना थानाध्यक्ष मल्हीपुर को दिया। इस पर थानाध्यक्ष ने कहा कि पहले थाने आकर तहरीर दीजिए इसके बाद कोई कार्रवाई होगी। वहीं कुछ लोगों ने चौकी प्रभारी गिरंट उमेश सिंह को सूचित किया तो चौकी प्रभारी ने मौके पर पहुंच कर नाच बंद कराया और नाच कराने वाले लोगों को कड़ी चेतावनी दी कि स्कूल में नाच होगा तो जेल भेज दिया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल में छुट्टी रहने पर अक्सर दिन में नाच गाने का कार्यक्रम होता है। इससे युवा वीडियो बनाते हैं और यूट्यूब पर डाल कर पैसा कमाते हैं।

इसके लिए अश्लील गाने बजा कर नाच कराते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस पर रोक नहीं लगाई गई तो स्कूल में पढ़ाई का माहौल न होकर नाच का माहौल हो जाएगा। कारण है कि नाच देखने के लिए गांव के छोटे बड़े सभी बच्चे आते हैं। वहीं स्कूल के अध्यापक भी इन लोगों पर कुछ भी कार्रवाई नहीं करते हैं।

# ओवर लोड वाहनों कारण घंटो लगा जाम, जनता परेशान

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा नगर में ओवर लोड वाहनों के कारण वे सड़क किनारे अतिक्रमतण के कारण आए दिन नगर में जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम के कारण लोगों काफी दिक्कत कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी नगर में जाम की समस्या ने लगातार बनी रहती है फिर भी जाम से निजात नही मिल पा रही है रानीनांगल त्रिवेणी चीनी में गन्ना क्रय केंद्रो से ट्रको और ट्राला द्वारा गन्ना डुलाई का कार्य किया जाता है। ओवर लोड गन्ने से लदे वाहनो नगर में बड़े पैमाने पर दिखाई देते हैं जिनमें 3 गुना वजन गन्ना ओवरलोड भरा हुआ दिखाई देता है वह अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। लोगों का जाम के कारण हाल खराब नजर आता है। पालिका प्रशासन सहित स्थानीय पुलिस ने नगर में लगने वाले



जाम से जनता को निजात दिलाने के लिए कई बार प्रयास किया लेकिन नगर में जाम की समस्या से वही की वही नजर आती है स्थानीय प्रशासन पूरी तरह फैल नजर आ रहा है। प्रति दिन ठाकुरद्वारा में सुरजननगर मार्ग पर ओवर लोड वाहन और अतिक्रमण के कारण जमा की स्थिति बनी रहती है। इसके बाद भी प्रशासन नगर में लगने वाले जमा को लेकर गंभीर नजर नही आ रहा है। मार्ग पर पैदल व दो पहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगने की वजह से रोड के दोनों ओर फड़ लग जाने के कारण रॉड पर जाम लग जाता है नगर में सुरजननगर मार्ग पर ओवर लोड वाहनों वे ई रिक्शा के कारण पूरे दिन लोगों को जाम का सामना कर कड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

# विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने चलाया सतर्क सघन चेकिंग अभियान

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- उत्तर प्रदेश उत्तराखंड बॉर्डर पर की पुलिस प्रशासन ने वाहनों की चेकिंग ठाकुरद्वारा। विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी के चलते कोतवाली पुलिस ने यूपी उत्तराखंड बॉडर पर वे मुरादाबाद चेक् पोस्टर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। साथ ही लोगों से चुनाव आचार संहिता का पालन करने और कोरोना की गाइड लाइनों का पालन करने की अपील की। वह ट्रैफिक रूल्स अधिनियम के अनुसार विधानसभा चुनाव के चलते आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों को भी।हड़ काया शनिवार को उच्च




अधिकारियों के आदेश पर विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कोतवाली पुलिस ने तिकोनिया चेक पोस्ट व उत्तरप्रदेश उत्तराखंड बॉर्डर पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों को तलाशी ली। इस दौरान पुलिस ने यातायात के नियमों का पालन ना करने पर ऑनलाइन चालान भी काटे और साथ ही पुलिस ने लोगों से चुनाव आचार संहिता का पालन करने और कोरोना से बचाओ के लिए सजग रहने की अपील की।

# डीईओ ने अधिकारियों को प्रशिक्षण दी चुनाव सम्बंधी महत्पूर्ण जानकारी

मनोज पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ - डी पॉल स्कूल में पीठासीन अधिकारियों को बीयू, सीयू एवं वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपा रंजन ने सहसवान के चुनाव प्रेक्षक मुरलीधर मालिक मुख्य विकास अधिकारी ऋषि राज के साथ यहां पहुंचकर उन्होंने अधिकारियों को



बीयू, सीयू और वीवीपैट मशीन के बारे में जानकारी देते हुए चुनाव मतदान से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रकार की तैयारियों को समय से पूर्ण कर लिया जाए। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि वीवीपैट पर गलत वोटर पर्ची प्रदर्शित होने की शिकायत पर फार्म 49 एम पर वोटर से घोषणा पत्र भरवाना होगा। सभी कार्यवाई फार्म 17 सी पर की जाएगी। इसके साथ ही 17 ए फार्म पर वोटर की द्वितीय इंट्री करनी होगी। इसके साथ ही वोटिग से पहले कंट्रोल यूनिट को चेक करना होगा। जिसमें मतदान जीरो प्रदर्शित करें। प्रत्याशी द्वारा नामित एजेंट के सामने मॉक पोल करना होगा। मॉक पोल के दौरान सीयू, बीयू व वीवीपैट में खराबी आने पर जो उपकरण खराब होगा, उसे तत्काल बदला जाएगा। उसके बाद मतदान की प्रक्रिया शुरू होगी। सभी लोग पूरी गहनता से ईवीएम व वीवीपैट के बारे में मास्टर ट्रेनर से समझ लें। अगर किसी प्रकार की समस्या हो तो पुन: उसकी जानकारी लें, जिससे बाद में किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो। इसके अलावा वरिष्ठ अधिकारियों ने यह भी जानकारी ली कि यहां किस किस विधानसभा में डाक मतपत्र के द्वारा कितने वोट डाले जा चुके हैं।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527